# राज्य सरकार का लक्ष्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना : पटेल

**जोधपुर**, (कासं) । संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धवा में 80 लाख रुपए की लागत से बीपीएचयू, बीपीएचएल और एचएमआईएस यूनिट के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

पटेल ने कहा प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र, सैटलाइट एवं जिला अस्पताल बनाए गए है। साथ ही मार्च 2025 तक चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर लगभग 52000 कार्मिकों के नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।




**संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धवा में 80 लाख रुपए की लागत के बीपीएचयू, बीपीएचएल, एचएमआईएस यूनिट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।**

## लूणी क्षेत्र को बजट में अनेक सौगातें मिली हैं

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा बजट में लूणी को स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक सौगातें मिली हैं।जिसमें सांगरिया में सैटलाइट अस्पताल,धवा एवं कुड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेलबा, मणाई और चोखा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्र का स्वास्थ्य ढांचा सुदृढ़ होगा। पटेल ने कहा बीपीएच यूनिट की स्थापना से धवा क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होगी। यह यूनिट हब एवं स्पॉक मॉडल पर कार्य करेगी। इसमें आस-पास के अस्पतालों से भी सैम्पल लिए जाएंगे। पटेल ने कहा युवाओं के रोजगार के लिए प्रदेश सरकार ने रोडमैप तैयार कर इस वर्ष एक लाख एवं आगामी 5 वर्षों में चार लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी। साथ ही भर्ती परीक्षाओं की नियत समय पर पूर्ण करने के लिए कैलेंडर भी जारी किए गए है। उन्होंने युवा हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश पेपर लीक गिरोह पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है।

कार्यक्रम में प्रधान धवा गोविंदराम, सरपंच धवा सरोज,संयुक्त निदेशक डॉ कमलेश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जोधपुर ग्रामीण डॉ प्रताप सिंह,खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन देथा, तहसीलदार देवाराम, पूर्व सरपंच मदन लाल,पोलाराम सुथार सहित कई जने उपस्थित थे।

## प्रजापति समाज की प्रतिभाओं का सम्मान 10 को

**जालोर**, (कासं)। समस्त प्रजापति वेलफेयर संस्थान मुख्यालय सुमेरपुर के तत्वावधान में पाली संभाग के पाली, जालोर, सिरोही, सांचौर जिले तथा प्रवासी बंधुओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। समाज बंधु 10 दिसम्बर तक फार्म जमा करवा सकते है। उक्त जानकारी संस्थान संयोजक ललित मेडतिया एडवोकेट सुमेरपुर के द्वारा दी गई।

कुम्हार, प्रजापत, कुंभकार, प्रजापति व समाज के जो भी नाम से पुकारे जाते हैं। उन सभी विद्यार्थियों का परिणाम जनवरी 2024 के बाद में कक्षा 10, 12, डिग्रीधारी, डिप्लोमाधारी जो 60 प्रतिशत से अधिक, राज्य व राष्ट्रीय खेलकूद, सरकारी प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समाज के नवरत्नों व धर्माचार्यों के द्वारा किया जाएगा। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर रखी गई है। उक्त सम्मान समारोह का उद्देश्य समस्त प्रजापति समाज बंधुओ को एक जाजम पर एकत्रित कर विद्यार्थी व शिक्षित वर्ग का ग्रुप तैयार कर विद्यार्थी सम्मान, प्रोत्साहन, मोटिवेशन का कार्य करना है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए खुला मंच तथा जीवन की गतिविधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के साथी भावी पीढी को विभिन्न मंचो, सोशल मीडिया व डिजिटल के माध्यम से जागरूक कर प्रोत्साहन करना है । वर्ष 2025 के लिए घर-घर कैलेंडर पहुंचाने की भी चर्चा की। पाली संभाग का समारोह करने के लिए संस्थान के अध्यक्ष कैलाश कुमार एडवोकेट बाली, सचिव रमेश मुलेवा, कोषाध्यक्ष प्रकाश जालोरा शिवगंज, उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर, दिनेश प्रजापत जालौर, प्रशांत मालवीया भीनमाल, दिनेश परिहार, राजेश मालवीया शिवगंज, सुरेश परमार, छगन रामिणा सुमेरपुर, रमेश प्रजापत सांचौर आदि आंकडा एकत्रित करने व प्रोग्राम की व्यवस्था के लिए जुटे हुए हैं।

# 'अहिल्याबाई का व्यक्तित्व एवं कृतित्व अनुकरणीय'




**जालोर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की महिला विचार गोष्ठी हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत


**जालोर**, (कासं)। अखिल भारतीय राष्टटीय शैक्षिक महासंघ से संबंध राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय महिला विचार गोष्ठी का आयोजन रविवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक जालोर में किया गया। जिले के सभी उप शाखा से पहुंची

महिला शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेविका समिति की बौद्धिक प्रमुख डॉ. कृष्ण अरोडा ने अपने उदबोधन में अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सब मातृशक्ति के लिए उनका जीवन प्रेरणादायक है द्य वर्तमान परिपेक्ष में उनके विचारों को आत्मसात करते हुए समाज एवं राष्ट्र के लिए अपनी भूमिका हम शिक्षिकाओं का भी कर्तव्य एवं दायित्व है। उन्होंने अपने उदबोधन में अहिल्याबाई होलकर के जीवन के संबंध में दृष्टांत बताते उनके विचारों को समाज के सामने ले जाने की बात कही।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदंबरा परमार एवं परिवीक्षा एवं कारगर कल्याण अधिकारी मोर कंवर ने सामाजिक मूल्यों के संवर्धन एवं संरक्षण पर वार्ता देते हुए कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियां के निर्वहन के साथ महिला शिक्षिकाओं से समाज एवं राष्ट्र की बहुत अपेक्षाएं हैं। उन्होंने अपने उदबोधन में इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए पन्नाधाय रानी पद्मिनी गार्गी मीराबाई सहित अनेक मातृशक्ति से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महिला मंत्री अल्का वैष्णव, महिला संयुक्त मंत्री रेखा राठौड ,महिला संगठन मंत्री उर्मिला भाटी एवं सहसंयोजक मीना परमार ने भी विचार व्यक्त किया। संगोष्ठी के प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती श्रद्धेय जयदेव पाठक एवं भारत माता की तस्वीर पर मलार्पणकर समारोह का विधिवत आगाज किया। बालिकाओं ने स्वागत गायन एवं सरस्वती वंदना की आकर्षक प्रस्तुति के साथ नृत्य प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन निशा एम कुट्टी एवं विमल पुरी ने किया।

इस अवसर पर उपशाखा जालोर, आहोर , भीनमाल, सायला एवं जसवंतपुरा उप शाखा से बडी संख्या में महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रही। महिला शिक्षिकाओं द्वारा सेवाकाल एवं अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। महिला विचार गोष्ठी का समापन कल्याण मंत्र के साथ संपन्न हुआ।

# जालोर में 21 फीट लंबी गदा यात्रा का समापन



**जालोर में हनुमानजी की 21 फीट लंबी गदा की शोभायात्रा निकाली।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। कंचन सेवा संस्थान, हनवत धाम उदयपुर की ओर से आयोजित 21 फुट लंबी हनुमानजी की गदा का जालोर में भव्य स्वागत हुआ। रविवार को जालोर शहर के सूरजपोल स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर से गदा यात्रा का शुभारंभ हुआ।

विधिवत पूजन के साथ यह यात्रा प्रमुख मंदिरों और स्थलों से होती हुई हल्देश्वर मोहन नाथ महाराज के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन में उपसभापति अंबालाल व्यास, पार्षद दिनेश कुमार बारोट, मुन्ना दास महाराज, मोहन नाथ महाराज, सोमनाथ गोस्वामी, पार्षद दिनेश महावर, चेतन सुंदेशा, तरुण दवे, नंदू भाई सोनी, महेश सोलंकी, सुरेश जैन, नंदकिशोर बंसल, अशोक गुर्जर, भागीरथ गर्ग, पारस जालोरी, सेवा भारती जी महाराज, जवानाराम परमार, गीता बारोट, सतू मेवाडा , श्रवण कुमार ओड समेत कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। महिला शक्ति और हजारों श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

यात्रा सारणेश्वर महादेव मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, मलकेश्वर मठ महादेव मंदिर, भुवनेश्वर माताजी मंदिर, बाल हनुमान जी मंदिर, आशापुरा कॉलोनी स्थित आशापुरी मंदिर, रामदेवजी मंदिर (बाईपास), मेन बाजार, तिलक द्वार और अन्य स्थानों से होते हुए हल्देश्वर मोहन नाथ जी महाराज के निवास पर समाप्त हुई। वही पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा और भीड प्रबंधन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ रहे दिनेश बारोट पार्षद ने बताया कि धर्म और संस्कृति का अदभुत उत्सव इस आयोजन ने धर्म, आस्था और सामाजिक एकता का अभूतपूर्व उदाहरण जालोर नगर वासी धर्म प्रेमियों ने पेश किया।

यह आयोजन जालोर के लिए प्रेरणादायक और सनातन परंपराओं का जीवंत प्रतीक रहेगा। वही तीन दिवसीय इस आयोजन में पुलिस प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। भीड नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन के साथ विशेष पुलिस बल तैनात रहा।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए।

पार्षद दिनेश बारोट ने प्रशासन, श्रद्धालुओं और जालोरवासियों का आभार प्रकट किया।

## सर्व समाज प्रतिभा सम्मान पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। एकलव्य फाउण्डेशन जालोर कार्यकारिणी की बैठक रविवार को संस्था के कार्यालय में आयोजित की गई ।

बैठक की अध्यक्षता संस्था सचिव भरत कुमार जीनगर द्वारा की गई। सचिव भरत कुमार ने बताया की एकलव्य फाउण्डेशन जालोर के तत्वावधान में 25 दिसम्बर को सर्वसमाज प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस समारोह में जालोर शहर के विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों से 2024 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों, राष्ट्रीय स्तर पर जालोर का नाम रोशन करने वाले वुशु खिलाड़ियों तथा स्वास्थ्य-रक्षक रक्तदाताओं सहित 150 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह में अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे। समारोह में समस्त सरकारी एवं निजी संस्थानों, सर्वसमाज के प्रतिनिधियों सहित जालोर शहर को आमंत्रित किया जायेगा। समारोह के प्रभारी शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं जिलाध्यक्ष राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन ने बताया कि सर्वसमाज प्रतिभा सम्मान समारोह 2024 का बहुत ही भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस समारोह को सफल बनाने के लिए सर्व समाज के भामाशाहों से सहयोग करने की अपील की।

बैठक में पी बी सेन, खींवसिंह राजपुरोहित, महेंद्र कुमार माली, रविन्द्रसिंह मण्डलावत, सूरजपालसिंह, संपत आर्य, पारसमल पारिक, श्रवण चौधरी, कमलेश भाटी, प्रवीण कुमार बौद्ध, समंदरसिंह भाटी, शिवम तिवारी, अर्जुन सिंह, चम्पालाल परमार, महेश चौधरी, नरेन्द्र चौहान, नरपत राणा, अर्जुन कुमार सहित कई जने रहे।

# रिटायर्ड बैंक एम्पलाईज संघ का स्थापना दिवस मनाया




**आल इंडिया रिटायर्ड बैंक एम्पलाईज एसोसियेशन का 33 वां स्थापना दिवस समारोह एवं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन महिला महाविद्यालय प्रताप नगर जोधपुर में किया।**

**जोधपुर**, (कासं) । आल इंडिया रिटायर्ड बैंक एम्पलाईज एसोसियेशन का 33वां स्थापना दिवस समारोह एवं वार्षिक साधारण सभा रविवार को महिला महाविद्यालय, प्रताप नगर, जोधपुर में आयोजित किया गया। सभा में जोधपुर के अतिरिक्त बाड़मेर, बालोतरा, , नागौर, मेड़ता इत्यादि कई शहरो से लगभग 250 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सभा में जोधपुर इकाई के सचिव डी. के.परयानी ने सभी आगुन्तकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एसबीआई एजीएम आनन्द बंसल थे। अपने सम्बोधन में बंसल ने कहा कि पेंशनर्स बैंक के ब्रांड ऐम्बैसडर है और बैंक व्यवसाय में वृद्धि में सहायक रहते हैं। बैंक में जो नीव आप सब ने रखी है, उसे वर्तमान पीढ़ी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आप सब मिलकर बैंक की छवि को बेहतर बना सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय श्रीवास्तव ने डेंगू/ चिकनगुनिआ सहित मौसमी बीमारियों सम्बन्धी समस्याएं के कारण व निवारण के सन्दर्भ में तथा उससे सम्बंधित चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तृत वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि काया निरोगी है तो जीवन यात्रा सुखद रहेगी। शरीर स्वस्थ नहीं है तो कोई साथ नहीं देता। विशिष्ट अतिथि प्राकृतिक चिकित्सालय के डा. अजय उमराव ने अपने सम्बोधन में प्राकृतिक साधनों से स्वस्थ रहने तथा प्राकृतिक चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सचिव डी. के.परयानी ने संस्था का प्रतिवेदन रखा एवं पिछले वर्ष में संस्था द्वारा किये गए कार्यो तथा भविष्य में किये जाने वाले कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष एम. एस.राजपुरोहित ने पिछले वर्ष की बैलेंस शीट प्रस्तुत की। सभा की अध्यक्षता कर रहे एस.एन.पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम संयोजक विमल श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन बी.आर.मूथा तथा श्रीमती मंजू जैन ने किया।

## देवली उनियारा मामले में निर्वाचन आयोग कार्रवाई के लिए सक्षम : मदन राठौड़

**पाली**, (का.सं.)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ रविवार को पाली प्रवास पर रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़ ने निवास पर आमजन की समस्याओं को सुना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि देवली-उनियारा के समरावता गांव की घटना मतदान के दौरान हुई। इस दौरान आचार संहिता लगी हुई थी और निर्वाचन आयोग अपना कार्य कर रहा है। एसडीएम से मारपीट मतदान परिसर में हुई, वो परिसर निर्वाचन आयोग के सरंक्षण में आता है इसलिए आयोग इस मामले पर उचित कार्रवाई करेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के देवड़ा फार्म स्थित कार्यालय में इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग राजस्थान संगठन की सुमेरपुर इकाई के सदस्यों ने गत दिनों टोंक देवली में पीटीआई के पत्रकार अजीत सिंह शेखावत ओर वीडियो कैमरामैन धर्मेंद्र के साथ हुई गंभीर सामूहिक मारपीट प्रकरण को लेकर कड़ा एतराज जताया। इस पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने संगठन के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के संदर्भ में राज्य सरकार गंभीर है।

# राव उदा का जयंती समारोह बिकरलाई गांव में 25 दिसम्बर को होगा

**जोधपुर**, (का.सं.)। उदावत राठौड़ वंश के मूल पुरुष वीर शिरोमणि राव उदाजी राठौड़ की 562 वीं जयंती 25 नवंबर को प्रात: 10:15 बजे जैतारण तहसील के बिकरलाई गांव में समारोह पूर्वक आयोजित की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उदावत राठौड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवजीत सिंह रायपुर में बताया कि समारोह पोकरण विधायक प्रतापपुरी महाराज के सानिध्य , पूर्व सांसद राजसमंद गोपाल सिंह ईड़वा, पूर्व मंत्री व विधायक बाली पुष्पेंद्र सिंह राणावत, विधायक शेरगढ़ बाबू सिंह राठौड़, विधायक सिवाना हमीर सिंह भायल , विधायक सादुलपुर मनोज कुमार सिंह न्यागली , विधायक शिव रविंद्र सिंह भाटी , विधायक मसूदा वीरेंद्र सिंह कानावत , प्रदेश कांग्रेस महासचिव करण सिंह उचियारड़ा व मारवाड़ राजपूत सभा अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा विशिष्ट अतिथि होंगे।



**जैतारण में राव रतन सिंह स्मृति भवन में वीर शिरोमणि राव उदाजी राठौड़ की 562 वीं जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन किया।**

## प्रतिभाओं का सम्मान होगा

समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान होगा। इस अवसर पर 90 तक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का भी सम्मान होगा।

आयोजक भगवान सिंह बिकरलाई ने बताया कि रविवार को जयन्ती समारोह कि तैयारियों के लिए जैतारण में राव रतन सिंह स्मृति भवन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उदावत राठौड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवजीत सिंह रायपुर , भगवान सिंह बिकरलाई, धन सिंह राजादंड , राजेन्द्र सिंह लीलिया , भागीरथ सिंह गरनिया, भवानी सिंह चावंडिया खुर्द, रघुराज सिंह लोटोती, महिपाल सिंह गुड़िया, भंवर सिंह जैतारण, जय सिंह पृथ्वीपुरा, दुर्गा सिंह गुड़िया, नरेंद्र सिंह बिकरलाई, हेमेंद्र सिंह लोटोती, गिरधारी सिंह बिकरलाई ,हिम्मत सिंह बिकरलाई , ईश्वर सिंह लोटोती , भीम सिंह चांवडिया , भूपेंद्र सिंह गरनिया , प्रहलाद सिंह लोटोती , अमर सिंह बिकरलाई व दौलत सिंह बागियाड़ा सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

समारोह के पोस्टर का उदावत राठौड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मानवजीत सिंह रायपुर क निर्दशन में विमोचन किया।

बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग टीमों का गठन किया गया। यह टीमें उदावत राठौड़ों के गांवों व राजपूत समाज के गांवों में जाकर जयंती समारोह में भागीदारी के लिए संपर्क करेगी। समारोह के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जगह जगह व मुख्य सड़कों व चौराहों के किनारे होर्डिंग भी लगाए जाएंगे।

## दस टीमें गांवों में निमंत्रण देगी

सफल आयोजन व अधिक से अधिक समाज बंधुओ की भागीदारी के लिए गांवों में जाकर समारोह में आने के लिए निमंत्रण देने के लिए श्याम सिंह बिकरलाई , महिपाल सिंह गुड़िया , हेमेंद्र सिंह लौटौती , दौलत सिंह बागियाड़ा , दिलीप सिंह मुण्डावा , हरजीत सिंह निमाज , प्रहलाद सिंह लौटोती , मान सिंह नरूका घोड़ावड़, भवानी सिंह चांवडिया खुर्द , भूपेन्द्र सिंह गरनिया की दस टीमें बनायी गयी है।

## उजी-तारा जैन भवन राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ को अर्पण

**जोधपुर**, (कासं) । पारसमल चौधरी जैन चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित संभवनाथ राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर मन्दिर एवं उजी-तारा जैन भवन, विधि विधान के साथ राजेन्द्र सूरी जैन त्रिस्तुतिक संघ, जोधपुर को भारी जन समुदाय की उपस्थिति में अर्पण किया गया। मुख्य समारोह मंदिर के बाहर बनाये भव्य पंडाल में अर्पण कर्ता ट्रस्ट सदस्य पारसमल, महावीर, मुकेश चौधरी एवं प्राप्तकर्ता त्रिस्तुतिक संघ, जोधपुर के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर राजेन्द्र महिला एवं सम्भव नाथ राजेन्द्र महिला मंडल ने स्वागत गीत की प्रस्तुति की। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश भंडारी, अध्यक्ष, जयंत सेन म्युजियम ट्रस्ट, मोहनखेड़ा क्रिया भवन, अजीतनाथ मंदिर, शान्तिनाथ मंदिर, गुलाब नगर जैन मंदिर भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति सहित विभिन्न संस्थानों के सदस्य उपस्थित रहे। श्री राजेन्द्र त्रिस्तुतिक संघ, जोधपुर के अध्यक्ष पारस पोरवाल, उपाध्यक्ष महेन्द्र भंडारी सचिव हीराचंद भंडारी व संघ सदस्यों ने अर्पणकर्ता परिवार को तिलक, माल्यार्पण, श्री फल एवं अभिनंदन पत्र भेट कर उनके सुकृत कार्य के लिये बहुमान किया।

# जैसलमेर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला महिला संगोष्ठी संपन्न

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के तत्वावधान में जिला महिला संगोष्ठी का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित अमर शहीद सागरमल गोपा में रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ ।

कार्यक्रम में प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता अनीता सोलंकी ने बताया कि मराठा साम्राज्य और होलकर राजवंश की रानी अहिल्याबाई होल्कर का राष्ट्र के प्रति योगदान इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठों पर अंकित है, उनकी 3सौ वीं जन्म शताब्दी पर उन्हें याद करते हुए उनके जीवन के प्रत्येक पहलू पर प्रकाश डालते हुए अनीता सोलंकी ने उन्हें कुशल सैन्य एवं वित्तीय प्रबंधक ,दूरदर्शी, न्याय प्रिय, कर्म योगिनी, लोक कल्याणकारी, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण करने वाली, राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि रखकर राज्य करने वाली, राष्ट्रभक्त एवं बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया।

द्वितीय सत्र में संतोष शर्मा ने महिलाओं की समाज में मुख्य भूमिका विषय पर कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति के ज्ञान दृष्टिकोण, समरसता, आध्यात्मिक उन्नित, धरोहर संरक्षण, राष्ट्र प्रेम, स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर वर्तमान तक प्रत्येक कालखंड में महिलाओं का अभूतपूर्व चिरस्मरणीय योगदान रहा है। उन्होंने वर्तमान में लव जिहाद, समलैंगिकता, महिला सुरक्षा, दहेज प्रथा, लिव इन संबंध, बच्चों में मोबाइल के असुरक्षित उपयोग आदि अनेक ज्वलंत विषयों पर अपने विचार रखते हुए उसमें महिलाओं की भूमिका को बड़ी स्पष्टता से रखा। श्रीमती अनीता सोलंकी एवं संतोष शर्मा ने उपस्थित शिक्षिकाओं का द्वारा किए गए प्रश्नों का तात्कालिक समाधान भी किया। मंच संचालन दीपिका रंगा ने किया

जिला महिला संगठन मंत्री चंचल छंगाणी, महिला जिला मंत्री सरितासिंह यादव, जिला अध्यक्ष अनोपसिंह सोनू, जिला मंत्री कंवरसिंह हमीरा, सभा अध्यक्ष सवाईसिंह राठौड़, उप शाखा अध्यक्ष अभयसिंह भोपा, कोषाध्यक्ष मांगीलाल सोनी प्रेम जीनगर कोशल्या पालीवाल,देवयानी पुनिया सुधा बिस्सा, अनिता मीना,मिथलेश मीना, संपत प्रजापत, सीमा चौधरी कल्पना भाटी, शिलम शर्मा, सुनीता, हरप्यारी सोनी , प्रमिला जोशी, वंदना भाटिया, नेनु खत्री आदि उपस्थित थी। प्रदेश कार्यालय द्वारा प्रत्येक पीई ईओ कार्यालय तक संगठन की जानकारी के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया।

## जोधपुरवासी एलिवेटेड रोड को लेकर उत्साहित

**जोधपुर**, (कासं) । केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का रविवार को संसदीय क्षेत्र जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधि, लोगों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ स्वागत अभिनंदन किया।

जोधपुर में एलिवेटेड रोड निर्माण प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होने का उत्साह और हर्ष जनप्रतिनिधियों एवं आमजन में नजर आया। सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, जोधपुर दक्षिण की महापौर वनिता सेठ, उप महापौर किशन लड्ढा, निगम उत्तर के नेता प्रतिपक्ष लक्ष्मी नारायण सोलंकी, देवेंद्र सालेचा, करणी सिंह खींची, विजय राजोरिया, इंद्रा राजपुरोहित, कमलेश गोयल, जनप्रतिनिधियों सहित आमजन ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत का गर्मजोशी से स्वागत किया।

शिवकुमार सोनी के नेतृत्व में सोजती गेट व्यापारी संघ ने केंद्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया। जोधपुर अल्प प्रवास के दौरान किए गए स्वागत अभिनंदन के लिए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्वागत अभिनंदन के दौरान सभी इस बात को लेकर उत्साहित नजर आए कि जोधपुर के विकास को पंख लग रहे हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद मल्टीलेवल फोरलेन एलिवेटेड रोड का कार्य शीघ्र आरम्भ होगा।